हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 20 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

4

बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक हुई चर्चा, तैयार की गई रुपरेखा

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आगाज 21 से

**जांजगीर-चांपा।** जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत 21 दिसम्बर से तीन दिवसीय अभियान में 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया जायेगा। इसके तहत शहरी क्षेत्रों में 28873 बच्चे एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 125041 बच्चे कुल 153941 को पोलियो ड्राप्स पिलाकर लाभान्वित किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.के.मरकाम ने बताया कि इसके लिए जिले में 922 बूथ, ट्रांजिट दल 21, मोबाइल दल 10 जिसमें विकासखण्ड नवागढ़ के 255 बूथ, अकलतरा 154, बलौदा 175, पामगढ़ 170, बम्हनीडीह 167 बूथ बनाये गये है। ट्रांजिट टीम बस स्टैन्ड एवं रेल्वे स्टेशनों पर कार्यरत रहेंगे तथा मोबाइल टीमों द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर बाहर के बस्ती क्षेत्र, मजदूरी करने वालों की अलग बसाहट ईटा भट्ठा, गिटटी खदानों, नदी किनारे के अलग से बसाहट, ग्रामों के दूरस्थ स्थान, घुमन्तू जनसंख्या का बसाहट आदि स्थानों पर रहने वालो के बच्चों को खोजकर पोलियो दवा पिलाई जावेगी। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु राजस्व, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग सहित मितानिनों, कोटवार, निजी चिकित्सालय, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा जनप्रतिनिधियों की सहभागिता लिया जाएगा।

### जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य पद पर आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर तक सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट तथा जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना : योजना का लाभ लेने अंतिम तिथि 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के रबी मौसम के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। योजना के तहत टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, आलू एवं प्याज जैसी बागवानी फसलों की खेती करने वाले किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना मखीजा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी मौसम 2025-26 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित की गई है। इसके बाद दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

### बिजली बिल वसूली को लेकर सख्ती से चल रही कार्रवाई

# बकायादारों को मंडल का झटका, पखवाड़े भर में काटे हजार से अधिक कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिजली बिल वसूली को लेकर विद्युत मंडल का अमला इन दिनों पूरी तरह से सख्त हो गया है। बडे बकायादारों के कनेक्शन थोक में काटे जा रहे है। स्थिति यह है कि दिसंबर महीने के बीते पखवाडे भर में ही जांजगीर, चांपा और अकलतरा क्षेत्र में 1 हजार से अधिक विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए गए है। इस कार्रवाई को लेकर बकाएदारो में हडकंप मच गया है।

जिले में बिजली बिल वसूली का काम इन दिनों पूरी सख्ती के साथ किया जा रहा है। विद्युत मंडल का अमला बडे बकाएदारों की सूची लेकर शहर से लेकर गांव गांव तक घुम रहा है। इस दौरान 20 हजार से अधिक बकाएदारों की वसूली ना केवल मौके पर की जा रही है, बल्कि बिजली बिल की राशि जमा नहीं करने वाले बकाएदारों के बिजली कनेक्शन तत्काल काटे जा रहे है। विभागीय जानकारी के मुताबिक बीते पखवाडे भर से चल रहे इस अभियान के तहत जांजगीर चांपा जिले में 1 हजार से अधिक बडे बकाएदारों के बिजली कनेक्शन विच्छेद किए जा रहे है। इसमें सबसे बड़ी कार्रवाई अकलतरा में की गई, जहां एक ही दिन तकरीबन 3 सौ उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। इसके बाद चांपा में ढाई सौ से अधिक बडे बकाएदार उपभोक्ताओं के घरों की बिजली सप्लाई काटी गई। इसके अलावा जांजगीर, पामगढ़, शिवरीनारायण सहित ग्रामीण इलाकों में भी बिजली बिल वसूली को लेकर सख्ती के साथ कार्रवाई करते हुए बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए।


विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई करता अमला।

### 75 उपभोक्ताओं के कटे कनेक्शन

बिजली बिल बकायादारों पर कार्रवाई को लेकर विद्युत विभाग का अमला द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत चांपा एवं अकलतरा संभाग में कार्रवाई करते हुए 75 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए है। इन उपभोक्ताओं पर करीब 24 लाख से अधिक का बिजली बिल बकाया है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकायादारों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत शुक्रवार 19 दिसंबर को अधीक्षण अभियंता के निर्देश के परिपालन में चांपा संभाग अंतर्गत चांपा उपसंभाग में संभाग स्तर पर मास डिस्कनेक्शन किया गया। जिसमे संभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं से साथ कुल 9 टीम का गठन किया गया। कुल 183 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जिनकी राशि 54.85 लाख की दी गई। कुल 37 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गया जिसकी राशि 11.63 लाख है। कुल 57 उपभोक्ताओं से 15.82 लाख की वसूली की गई। कुल 14 उपभोक्ताओं का 138 प्रकरण बनाया गया। इसके अलावा अकलतरा संभाग अंतर्गत शिवरीनारायण उप संभाग में संभाग स्तर पर कुल 101 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची जारी की गई थी। जिसके तहत 34.39 लाख विद्युत बिल बकाया है। बिल अदा नहीं करने पर कुल 38 उपभोक्ताओं का विद्युत विच्छेदन किया गय। जिसकी राशि 13.37 लाख है । कुल 51 उपभोक्ताओं से 7.73 लाख की वसूली की गई है।

### की जा रही कार्रवाई

विद्युत बकाएदारों के कनेक्शन काटे जा रहे है। इसी के तहत पखवाडे भर के भीतर 1 हजार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटकर करीब 4 करोड वसूल किया गया है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

-अमर चौधरी
अधीक्षण यंत्री
जांजगीर चांपा


# छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्णः जांजगीर में 22 को 'जनादेश परब' का भव्य आयोजन

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, सीएम और विधानसभा अध्यक्ष होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनादेश परब के तहत 22 दिसंबर को पुलिस लाइन खोखरा, जांजगीर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं आमसभा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे।

राज्य की भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार 22 दिसंबर को जिला मुख्यालय जांजगीर के पुलिस लाइन खोखरा मैदान में जनादेश परब का आयोजन किया गया है। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आम सभा को संबोधित करेंगे। सभा में जिला व संभाग समेत प्रदेश भर से भाजपा के नेता और कार्यकर्ता जुटेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री नड्डा के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे, जहाँ आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री अनुज शर्मा द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। राज्यस्तरीय आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।



### डेढ़ घंटे मंच पर रहेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा मिनट टू मिनट कार्यक्रम हुआ जारी

भाजपा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सोमवार 22 दिसंबर को जिला मुख्यालय जांजगीर के पुलिस लाइन खोखरा मैदान में जनादेश परब का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आम सभा को संबोधित करेंगे। जनादेश परब में पहुंच रहे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा पूरे डेढ़ घंटे मंच पर रहेंगे। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय से जारी प्रस्तावित प्रवास कार्यक्रम अनुसार सोमवार 22 दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा सुबह 10: 15 बजे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली से प्रस्थान करके 12:15 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेंगे। यहां से 12:30 बजे हेलीकॉप्टर से जांजगीर के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1.15 बजे उनका जांजगीर आगमन होगा। इसके बाद 1:30 बजे से 3 बजे तक वे जनादेश परब कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात 3:15 बजे वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां 4 बजे विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचने के बाद आधे धंटे का समय आरक्षित रहेगा, फिर 4:35 बजे विशेष विमान से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# ट्रेलर की चपेट में आकर महिला की मौके पर मौत, पति गंभीर रूप से घायल


मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर के चौंक में किकिरदा की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल में सवार दंपति बिर्रा तरफ जा रही थी। और बिर्रा की तरफ से आ रहे ट्रेलर में मोटरसाइकिल घुस गया। ग्राम बसंतपुर के चौक में ट्रेलर गाड़ी से टक्कर हो गया। जिसके कारण महिला की मौके पर मौत हो गई और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गया।

इस संबंध में पुलिस सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार 19 दिसंबर की सुबह 5:30 बजे की है। ग्राम खोखरा निवासी राधेश्याम कहरा की पत्नी अनुसुइया कहरा के साथ बाइक में सवार होकर बिर्रा की ओर आ रहे थे। वे अभी बसंतपुर चौक के पास पहुंचे थे कि अनियंत्रित ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर बिर्रा पुलिस पहुंच कर घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। महिला के शव को पंचनामा कार्रवाई के पश्चात बम्हनीडीह में पोस्टमार्टम करा कर शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है। इधर पुलिस ने दुर्घटनाकारित ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला कायम कर लिया है।

### शुष्क दिवस पर दी दबिश, 760 किलो महुआ लहान को किया नष्ट

**मालखरौदा।** शुष्क दिवस पर आबकारी वृत्त मालखरौदा द्वारा बोरई नदी किनारे अवैध शराब निर्माण पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 9 नग प्लास्टिक जेरीकेन, 15 लीटर 2 नग प्लास्टिक डिब्बा व न नग प्लास्टिक की पन्नी में भरी 100 लीटर महआ शराब तथा 38 प्लास्टिक बोरियों में भरी कुल 760 किलो महुआ लहान को नष्ट किया गया। 18 दिसंबर शुष्क दिवस के अवसर पर दौरान गश्त बोरई नदी किनारे अवैध रूप से शराब निर्माण की मुखबिर सूचना पर जांच कार्यवाही पर 3 चढ़ी हुई महुआ शराब की भट्टी में से बनी हुई महुआ शराब जो कि 5 लीटर क्षमता वाली 9 नग प्लास्टिक जेरीकेन, 15 लीटर क्षमता वाली 2 नग प्लास्टिक डिब्बा व 5 नग प्लास्टिक की पन्नी में भरा कुल मात्रा 100 लीटर महुआ शराब तथा 38 नग प्लास्टिक बोरियों में भरी कुल 760 किलो महुआ शराब बनाने योग्य महुआ लहान बरामद होने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया। महुआ लहान को नष्टीकरण कर महुआ शराब को कब्जे में लिया गया।



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृदि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### 2436 किसानों के काटे गए आवक टोकन

# जिले के 125 उपार्जन केन्द्रों से 7 हजार 672 मीट्रिक टन खाद की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के 125 उपार्जन केन्द्रों से करीब 7 हजार 642 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। वहीं 2 हजार 436 किसानों के आवक टोकन काटे गए है। धान खरीदी कार्य 31 जनवरी तक चलेगा।

ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान शुरू हो गया है। जिसके तहत समर्थन मूल्य पर सक्ती जिले में अब तक 125 केंद्रों में कुल 94006.00 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए 125 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। जिला सक्ती में 19 दिसम्बर को धान खरीदी हेतु जिले के 125 उपार्जन केन्द्रों में 2436 टोकन जारी हुआ है। जिसमें 12463.82 मेट्रिक टन धान खरीदी होना है। आज दिनांक को शाम 05 बजे तक जिला के उपार्जन केन्द्रों में कुल 7672.28 मेट्रिक टन धान खरीदी हुआ है। राज्य के किसानों से धान की नगद व लिंकिंग में खरीदी 31 जनवरी 2026 तक किया जायेगा। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान शुरू हो गया है। जिसके तहत समर्थन मूल्य पर सक्ती जिले में अब तक 125 केंद्रों में कुल 94006.00 मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। किसानों से धान की नगद व लिंकिंग में खरीदी 31 जनवरी तक निर्धारित किया गया है।


धान बेचने पहुंचे किसान।

## खबर संक्षेप

### अशोक वाटिका में डीएवी खरमोरा के छात्रों ने मनाया पिकनिक

**कोरबा।** डीएवी खरमोरा द्वारा प्री-प्राइमरी कक्षाओं एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए अशोक वाटिका में एक अत्यंत आनंददायक एवं यादगार पिकनिक का आयोजन किया गया। यह सुंदर आयोजन विद्यालय के सम्माननीय प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी के मार्गदर्शन एवं देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हरी-भरी हरियाली से घिरे बगीचे में बच्चों ने प्रकृति के सान्निध्य में खूब आनंद लिया। बच्चों की आँखों में खुशी, चेहरे पर मुस्कान और मन में उत्साह देखते ही बनता था। बस द्वारा सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था की गई थी, जिससे बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। पिकनिक के दौरान बच्चों ने सामूहिक रूप से कम्युनिटी लंच का आनंद लिया, झूले झूले, खेल-कूद किया, आपस में हँसी-मज़ाक किया तथा सुंदर पलों को फोटोग्राफी के माध्यम से यादों में संजोया। पूरे दिन बच्चों की खुशियाँ इतनी अनमोल थीं कि उन्हें शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। इस आयोजन में श्रीमती प्रीति अग्रहरि, साहिबा बानो, श्रीमती साक्षी शर्मा, श्रीमती आरती कुमारी सहित सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### राठौर बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**हरदीबाजार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश/ जिला के शीर्ष नेतृत्व के शुभाशीष से जिला कोरबा पिछड़ा



वर्ग मोर्चा का जिलाध्यक्ष डॉ विजय राठौर को दायित्व सौंपे जाने पर हृदय से आभार व्यक्त करते हुए संकल्पबद्ध होकर अपनी सम्पूर्ण शक्ति, सामर्थ्य और परिश्रम के साथ कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं उत्कर्ष की ओर अग्रसर करने का कार्य करने का संकल्प लिया है। डॉ विजय राठौर ने विश्वास दिलाया है कि हम सब मिलकर सेवा, संगठन और समर्पण के मार्ग पर चलते हुए 'विकसित भारत' का मार्ग प्रशस्त करेंगे। डॉ विजय राठौर के जिला अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं सहित ईस्ट मित्रों एवं समाज में उत्साह है।

### अग्रसेन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडलों की लगाई प्रदर्शनी



**कोरबा।** श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल में विज्ञान प्रदर्शन व पुरूस्कार वितरण समारोह का अयोजन किया गया। श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में अयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैलाश पवार प्राचार्य डीपीएस बालको व विशिष्ट अतिथि में राजेन्द्र अग्रवाल अग्रवाल सभा अध्यक्ष उपस्थित हुये। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती व महाराज अग्रसेन की पूजा अर्चना व दीपप्रज्जवल के साथ की गई। मंचीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव टी एन बजाज ने मुख्य अतिथि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों को आगे बढने का प्रयास भी है विज्ञान प्रदर्शन अपनी सोच को आगे लाने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय के छात्र विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का नाम उचा कर रहे है विज्ञान प्रदर्शनी में भी अपना नाम करना है विज्ञान के संबंध में आप सब मार्ग दर्शन में सीख रहे है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डीपीएस कैलाश पवार ने कहा कि विद्यालय के प्रांगण में अच्छा वार्तावरण है शिक्षा के लिए यह वर्तावरण उपयोगी है वर्तमान भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। विज्ञान ने देश समाज और आप सब को आगे बढ़ाया है।

### लापता चैतराम का नहीं मिला सुराग

कोरबा। कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वैशाली नगर से एक बुजुर्ग चैतराम यादव लापता हो गया है। परिजनों ने बताया कि चैतराम यादव सोमवार की सुबह तकरीबन 10 बजे तालाब जाने के लिए घर से निकला था लेकिन वापस लौट कर नहीं आए बताया गया कि चैतराम को आखिरी बार सोमवार को ही लगभग शाम 4 बजे कुसमुंडा थाना के समीप भुट्टा चौक के पास देखा गया था। उसके बाद उसकी कोई जानकारी नहीं मिल रही है।

# रेलवे के नोटिस के बाद भड़का लोगों का आक्रोश, इमली छापर में सड़कों पर उतरे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत इमली छापर बस्ती में बीते कुछ दिनों से रेलवे प्रबंधन के द्वारा मकान तोड़ने के लिए लगातार नोटिस दिया जा रहा है। आज गुरुवार की सुबह कुछ रेलवे के कर्मचारी घरों के बाहर निशान लगने लगे और लोगों से कहने वालों की मकान खाली कर दो तोड़ना है। जिसके बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा और वे सभी बड़ी संख्या में इमली छापर चौक पहुंच गए।

जहां पर पहले मुख्य सड़क को चक्काजाम करने की कोशिश किए, लेकिन स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें आम लोगों के रास्ते में नहीं बैठने का आग्रह किया कि उनकी समझाइश के बाद सभी ट्रक जाने वाले सड़क पर बैठ गए। कुछ देर बाद दर्री

## मीटिंग के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ चक्काजाम





तहसीलदार भी मौके पर पहुंची उन्होंने लोगों से बातचीत की। रेलवे अधिकारी और प्रशासन के साथ बैठकर मीटिंग कर का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोग सड़क से हटे। इस दौरान क्षेत्र के पूर्व पार्षद और कोरबा विहिप जिलाअध्यक्ष अमरजीत सिंह, सर्वमंगला नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, इमलीछापर वार्ड पार्षद आरती लखन सिंह, विकास नगर पार्षद गीता गभेल, पूर्व पार्षद और वर्तमान कुसमुंडा कांग्रेस अध्यक्ष बसंत चंद्रा, कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहें।

## नेशनल हेराड मामले में ईडी के एफआईआर रद्द किए जाने का मामला

# कांग्रेसियों ने किया जिला भाजपा कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा गुरूवार को भाजपा जिला कार्यालय

**खास बात**

- कांग्रेसियों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बताया सत्य की जीत

का घेराव किया गया। घेराव कार्यक्रम के पहले बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता टीपी नगर चौक के समीप एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी पैदल भाजपा कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा है कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा एफआईआर को शीर्ष अदालत द्वारा रद्द किया जाना सत्य की जीत है। यह मोदी, शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के षडयंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है। ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान



घेराव में शामिल कांग्रेसी।

ने बताया कि नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा देश भर के सभी जिला मुख्यालयों में भाजपा कार्यालय का घेराव किये जाने का निर्णय लिया है।

इसी कड़ी में गुरूवार को जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया है। घेराव के दौरान पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, प्रदेश सचिव विकास सिंह, रेखा त्रिपाठी, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष गजानंद साहू, विधायक प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, बसंत चंद्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, पार्षद सुकसागर निर्मलकर, बद्री किरण, अध्योध्या मस्तुल कंवर, अविनाश बंजारे, डॉ.गोपाल कुर्रे, सुभाष राठौर, गीता गभेल, पूर्व रामगोपाल यादव, पालुराम साहू, रोपा तिर्की, प्रदीप जायसवाल, वीरसाय धनुहार, मनीष शर्मा, जवाहर निर्मलकर, बुद्धेश्वर चौहान, गिरधरी बरेठ, गणेश दास महंत, रामकुमार राठौर, प्रेमलाल साहू, रमेश वर्मा, कुंजबिहारी साहू, कन्हैया राठौर, गीता महंत, सीमा उपाध्याय, शशि उपाध्याय, अगन बाई, सजीदा बेगम, लक्ष्मी महंत, सुरेश राठौर, जीवन चौहान, शांति साहू, विजय जायसवाल, अवधेश लाठिया, अनिल कुजुर, मनहरण राठौर, पियुष पाण्डेय, अमित सिंह, गोकुल देवांगन, रम्हन दास, राजेश श्रीवास, आकाश प्रजापति, मधुसुधन दास, सत्यप्रकाश, भीमलाल, फिरोज अनंत, यशपाल कंवर, राकेश अग्रवाल, निर्मल साहू, रामकुमार चंद्रा, गौतम वैष्णव, शशि राज, रज्जाक, अमित पन्ना, बंटी दास, विशाल राजूपत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रेड क्रॉस ने आयोजित किया एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय ईवीपीजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग तथा प्राचार्य डॉ.शिखा शर्मा के मार्गदर्शन एवं रेड क्रॉस संयोजक डॉ.अवंतिका कौशिल, सदस्य डॉ.ज्योति राठौर के निर्देशन में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व्याख्याता डॉ.शैलेन्द्र कुमार गौतम, डॉ.रूपमती मरावी, सुश्री पूर्वा रानी, सुश्री अर्पणा कुजूर और चंदन चौहान के साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को एचआई एड्स के कारणों, लक्षणों, रोकथाम तथा इससे संबंधित भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के विशेषज्ञों एवं संगीता चनापे द्वारा एचआई एड्स के संक्रमण के तरीकों, सुरक्षित व्यवहार, समय पर जांच एवं उपचार की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि सही जानकारी और जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से बचाव संभव है तथा इससे पीड़ित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस के प्रतिनिधियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रीति स्वर्णकार बनीं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष



उद्योग मंत्री से मुलाकात करती जिला अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश महिला कार्य समिति की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष भी घोषित कर दिए गए हैं। कोरबा जिले में श्रीमती प्रीति स्वर्णकार को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश कार्यकारिणी में भी कोरबा जिले को तवज्जो दी गई है।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त कोरबा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति स्वर्णकार ने उद्योग मंत्री से भेंट कर कोहड़िया निज निवास कार्यालय में स्नेहिल भेंट कर चर्चा की। इस दौरान श्री देवांगन ने उन्हें नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। श्री देवांगन ने कहा कि आप के नेतृत्व, समर्पण और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को और मजबूती प्राप्त होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीमती स्वाति कश्यप, श्रीमती अंजलि राज कुल्लर, श्रीमती चंद्रमणी उपाध्याय, श्रीमती गायत्री कश्यप भी उपस्थित रहें।

### ज्योति बनी भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस घोषणा में जिले के लिए गौरव का क्षण सामने आया है। प्रदेश कार्यकारिणी में कोरबा से ज्योति पाण्डेय को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। पार्टी नेताओं ने इसे संगठन की मजबूती की दिशा में अहम कदम बताते हुए कहा कि ज्योति पाण्डेय के अनुभव, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता से महिला मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी। उनकी नियुक्ति पर कोरबा जिले में बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

### तत्काल टिकट बुकिंग के लिए काउंटरों पर ओटीपी सुविधा लागू

**कोरबा।** अब यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों पर तत्काल टिकट बुकिंग के लिए वन टाईम पासवर्ड (ओटीपी) आधारित प्रणाली लागू कर दी गई है। जिसके बाद अब ओटीपी दर्ज करने के बाद ही टिकट बुकिंग की जाएगी। उल्लेखनीय है कि यात्रियों की सुविधा बढ़ाने तथा तत्काल टिकट बुकिंग प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों पर तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित प्रणाली लागू की जा रही है। यह सुविधा 18 दिसंबर से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से प्रारंभ होने 6 ट्रेनों के लिए पीआरएस काउंटरों पर प्रभावी हो गई है। ओटीपी आधारित इस व्यवस्था के अंतर्गत, तत्काल टिकट बुकिंग के समय यात्री के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा, जिसे दर्ज करने के पश्चात ही टिकट बुक किया जा सकेगा। इससे फर्जी बुकिंग, बॉट्स के दुरुपयोग एवं अनधिकृत गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित होगा।

### संतोषी दीवान बनीं प्रदेश मंत्री

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते



हुए संगठन ने नई पदाधिकारियों की घोषणा की है। प्रदेश कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार संतोषी दीवान को भाजपा महिला मोर्चा का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। संगठन नेतृत्व ने संतोषी दीवान पर भरोसा जताते हुए कहा है कि वे अपने अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से महिला मोर्चा को और अधिक मजबूत करेंगी।भाजपा महिला मोर्चा का मानना है कि संतोषी दीवान पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगी।

### निगम के पैनल में धनेश सदस्य नियुक्त

**कोरबा।** नगर निगम कोरबा ने अपने पैनल में अधिवक्ता धनेश सिंह को शामिल किया है। एमआईसी की बैठक में उनकी नामजदगी का प्रस्ताव पारित किया गया। वे काफी समय से वकालत के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने बिजली वितरण कंपनी के लिए काम किया है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसिल, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## कटघोरा नगर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम

# साईं पालकी यात्रा का आयोजन, जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

साईं समिति कटघोरा के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक साईं पालकी यात्रा का आयोजन किया गया।

इस साईं पालकी यात्रा की शुरूआत अहिरन नदी से की गई जो कि कारखाना एरिया मुख्य मार्ग के सांथ शहीद वीरनारायण चौक होते हुए साईं मंदिर मेला मैदान पर समापन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए यात्रा के दौरान पूरा नगर साईं राम के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। साईं बाबा की



आकर्षक रूप से सजी पालकी को फूलों, रोशनी एवं धार्मिक ध्वजों से सजाया गया था। यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पालकी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। नगरवासियों ने अपने घरों और दुकानों के सामने रंगोली सजाई, धूप-दीप जलाए तथा साईं बाबा से सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भजन-कीर्तन व एक से बढ़कर एक झांकी के सांथ मंडलियों द्वारा साईं भजनों की प्रस्तुति ने यात्रा को और भी भक्तिमय बना दिया। साईं समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पालकी यात्रा का उद्देश्य नगर में आपसी भाईचारे, शांति एवं धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। समिति द्वारा यात्रियों के लिए जलपान एवं प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी।

आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं नगरवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। यात्रा के समापन पर साईं मंदिर परिसर में महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



# डकैत का टीजर रिलीज, अनुराग का दिखा दमदार अंदाज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष स्टारर मच अवेटेड 'डकैत' का टीजर गुरुवार रिलीज हो गया है। अभी ये टीजर सिर्फ 'तेलुगु'में रिलीज किया गया है। यानी हिंदी दर्शकों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। 1 मिनट 31 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत आदिवी शेष से होती है। टीजर में पहले लव स्टोरी देखने को मिलती है, जो धीरे-धीरे एक्शन पर पहुंच जाती है। टीजर में आदिवी शेष लवर बॉय से लेकर एक्शन हीरो तक के अवतार में दिखते हैं। इसके अलावा टीजर में फिल्म की बाकी कास्ट अनुराग कश्यप, प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी की भी झलक दिखती है। टीजर का अंत अनुराग कश्यप पर होता है, जो फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे।



## लाइफ Style

# श्रीलीला

## फर्जी एआई फोटोज पर जताई दुख और चिंता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा की बेहद खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस श्रीलीला अपने फर्जी और अश्लील एआई तस्वीरों से परेशान हैं। वह घटिया तस्वीरों के सोशल मीडिया पर वायरल होने से बेहद दुखी हैं और उन्होंने एक चिंता जताने वाला पोस्ट शेयर किया है।

एक्ट्रेस ने यह भी जानकारी दी है कि उन्होंने इस बाबत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेलेब्स के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बीते में रश्मिका मंदाना से लेकर कीर्ति सुरेश तक, अपने डीपफेक अश्लील फोटो, वीडियो को लेकर परेशान रही हैं। अब 'गुंटूर करम' और 'पुष्पा 2' फेम श्रीलाला के इस पोस्ट को देख उनके फैंस भी चिंता में डूब गए हैं। अमेरिका के एक तेलुगू परिवार में पैदा हुईं 24 साल की श्रीलाला ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा चौड़ा नोट शेयर किया है। वह बताती हैं कि एआई से बनी उनकी तस्वीरों ने उन्हें कितना परेशान और दुखी किया है। एमबीबीएस की पढ़ाई कर चुकी श्रीलीला ने लिखा है कि जैसे ही उन्हें इस मामले के बारे में पता चला, उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। श्रीलीला ने अपने नोट में फैंस और फॉलोअर्स से एआी को सपोर्ट न करने की रिक्वेस्ट की है। वह लिखती हैं, 'मैं हाथ जोड़कर हर सोशल मीडिया यूजर से रिक्वेस्ट करती हूं कि एआई से बनी बकवास को सपोर्ट न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और उसका गलत इस्तेमाल करने में फर्क होता है। मेरी राय में टेक्नोलॉजी में तरक्की जिंदगी को आसान बनाने के लिए होती है, न कि उसे मुश्किल बनाने के लिए।'

## हॉलीवुड मसाला



# पेरिस से निकलकर पहुंची रोम

**मुंबई।** भारत में नेटफ्लिक्स पर सीरीज 'एमिली इन पेरिस' का पांचवा सीजन रिलीज हो गया है। इस बार एमिली कूपर की जिंदगी पहले से कहीं ज्यादा उलझ चुकी है। प्यार, कॅरियर और पहचान की तलाश- इन सबके बीच एमिली का सफर अब सिर्फ पेरिस तक सीमित नहीं रहा। इस नए सीजन में एमिली कूपर की कहानी एक नए मोड़ पर पहुंचती है। पेरिस की ग्लैमरस दुनिया से निकलकर वह रोम पहुंचती है, जहां उसे एजेंस ग्रातो के रोम ऑफिस में एक अहम जिम्मेदारी सौंपी जाती है।



# अवतार : फायर एंड ऐश में शानदार विजुअल्स...

**मुंबई।** 'अवतारः फायर एंड ऐश' जेम्स कैमरून की अवतार सीरीज तीसरी फिल्म है, इससे पहले 'अवतार' (2009) और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' (2022) को ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि अवतार का नाम आते ही बड़ी फिल्म, नई दुनिया और शानदार तकनीक का ख्याल आता है। फिल्म का स्केल बहुत बड़ा है और यह देखने में भी काफी महंगी और भव्य लगती है। लेकिन, पूरी फिल्म देखने के बाद ऐसा लगता है कि तकनीक और विजुअल्स के अलावा बाकी चीजों पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। फिल्म का स्क्रीनप्ले काफी फैला हुआ है। कई सीन ऐसे हैं जिनसे कहानी में कोई खास फर्क नहीं पड़ता। कुछ जगह फिल्म बहुत धीमी लगती है ...कुछ जगह अचानक तेज हो जाती है। अगर फिल्म को छोटा किया जाता और गैर-जरूरी सीन हटा दिए जाते, तो शायद कहानी अच्छी बन सकती थी।



# देओल परिवार ने हेमा को कर दिया साइडलाइन


**मुंबई।** धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में हेमा मालिनी क्यों नहीं गई थीं? इस सवाल का कॉलमनिस्ट और राइटर शोभा डे ने जवाब दिया है। उन्होंने हाल ही में दिए इंटरव्यू में यह दावा किया है कि दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र की मौत के बाद उनके परिवार ने हेमा मालिनी को पूरी तरह से किनारे कर दिया था, इसलिए वह धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में नहीं गई थीं। एक इंटरव्यू में शोभा डे ने दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र के दोनों परिवार के रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा, 'देओल परिवार ने हेमा को पूरी तरह अलग-थलग कर दिया, उन्होंने उन्हें उनसे दूर कर दिया, जिसके साथ उन्होंने अपनी जिंदगी के 45 साल बिताए थे। उन्हें बहुत दुख हुआ होगा, लेकिन उन्होंने यह सब अपने अंदर रखा। उन्होंने जिस तरह से संभाला और जब उन्होंने कोई पब्लिक फंक्शन किया, तो मुझे लगा कि उन्होंने इसे बहुत गरिमा के साथ किया।



# कार्तिक-अनन्या की जमी जोड़ी...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर अंततः गुरुवार को रिलीज हो गया है। फिल्म की रिलीज से सिर्फ एक हफ्ते पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर की शुरुआत कार्तिक के साथ होती है, जिसमें वो कहते हैं कि बीते कल और आने वाले भविष्य की छोड़कर सिर्फ वर्तमान में जीना चाहिए। जो मौजूदा वक्त में आपके पास है, उस पल का आनंद लो। इसके बाद ट्रेलर में अनन्या की एंट्री होती है, जो फिल्म में एक लेखक बनी हैं। 3 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में कुछ भी नया देखने को नहीं मिलता है। कार्तिक लड़की को इंप्रेस करने के लिए क्रीपी पंच लाइन मारते हैं। ट्रेलर में विदेशों की अच्छी-अच्छी लोकेशन जरूर भाती हैं। बाकी सबकुछ आपको पहले की फिल्मों में देखा हुआ लगेगा।

## टीवी मसाला



# अनुपमा को लगा झटका, नंबर एक पर बिग बॉस ने बनाई जगह

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते के टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी गई है। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 18 दिसंबर को टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में बड़ा बदलाव हुआ है। पिछले काफी हफ्तों से नंबर 1 पर रहा अनुपमा इस हफ्ते नंबर 2 पर आ गया है। पहले नंबर बिग बॉस ने जगह बना ली है। अनुपमा और बाकी सीरियल्स को पछाड़ कर बिग बॉस ने नंबर 1 पर जगह बनाई है। बिग बॉस की टीआरपी 2.2 रिकॉर्ड की गई है। बता दें, हाल ही में बिग बॉस 19 का फिनाले हुआ था और गौरव खन्ना इस सीजन के विनर हैं। पिछले कई हफ्तों से नंबर 1 पर रहने वाला अनुपमा इस हफ्ते नंबर दो पर आ गया है। अनुपमा की टीआरपी 2.1 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते भी शो की टीआरपी 2.1 थी। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2: लिस्ट में तीसरे नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। शो की टीआरपी 2 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 थी। लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट: लिस्ट में चौथे नंबर पर कलर्स का रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड है। शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गई है। तुम से तुम तक: लिस्ट में 5वें नंबर पर शो तुम से तुम तक है। पिछले हफ्ते भी ये शो नंबर पांच पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गाई है। लिस्ट में छठे नंबर पर उड़ने की आशा-सपनों का सफर है। शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 7वें नंबर पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 8वें नंबर पर गंगा मां की बेटियां है। शो की टीआरपी 1.8 है। 9वें नंबर पर शो वसुधा है। वसुधा की टीआरपी1.8 रिकॉर्ड की गई है। 10वें नंबर पर शो ये रिश्ता क्या कहलाता है। शो की टीआरपी 1.7 रिकॉर्ड की गई है।

## पायल गेमिंग के सपोर्ट में आईं अंजलि

**नई दिल्ली।** इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर पायल गेमिंग इन दिनों कथित एमएमएस के चलते सुर्खियों में हैं। बताया जाता है कि वायरल एमएमएस वीडियो में पायल गेमिंग हैं। हालांकि, उन्होंने दावा किया है कि यह



एमएमएस उनका नहीं है। इस मामले पर अब एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा की प्रतिक्रिया सामने आई है। अंजलि अरोड़ा ने अपने साथ हुए इसी तरह के एक मामले को याद किया है। उनके मुताबिक ऐसे झूठ का दर्द लड़कियां वर्षों तक झेलती हैं, जबकि इसे फैलाने वाले इसके बारे में नहीं सोचते हैं। पायल गेमिंग के मामले को लेकर अंजलि अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। उन्होंने लिखा 'तीन साल पहले मैंने एक फेक एमएमएस वायरल होने का दर्द झेला था। वही चीजें आज पायल के साथ होता देख वह दर्द ताजा हो गया है। लोगों को एहसास नहीं कि उनकी प्रतिक्रिया कितनी नुकसान पहुंचाती है।

# 2026 में आने वाली इन फिल्मों का बजट है भारी भरकम....

*नई दिल्ली। साल 2026 हिंदी सिनेमा के लिए खास होने वाला है। कई बड़े बजट की फिल्में थिएटर पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं। रणबीर कपूर, सनी देओल, शाहरुख खान, सलमान खान अपनी फिल्मों से धमाका करने वाले हैं। फिल्मों का क्लैश होने वाला है। लेकिन, क्या आप जानते हैं अगले साल आने वाली इन बड़ी फिल्मों का बजट क्या है? इन फिल्मों का बजट जानने के बाद आपका सिर चकरा जाएगा। ऐसे में सवाल ये है कि करोड़ों की ये फिल्में बॉक्स ऑफिस कमाई से अपना बजट निकाल पाएंगी या नहीं।*

***बॉर्डर 2*** : सनी देओल अपनी फिल्म बॉर्डर का दूसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। हाल में फिल्म का टीजर सामने आया था जिसमें वरुण धवन, अहान पांडे और दिलजीत दोसांझ जैसे एक्टर्स को दुश्मनों से जंग लड़ते देखा जा सकता है। फिल्म 23 जनवरी को रिलीज हो रही है। इस फिल्म को 150 करोड़ के मोटे बजट में बनाया गया है। उम्मीद है ये फिल्म अपना बजट वसूलने में कामयाब होगी।

***लव एंड वॉर*** : विक्की कौशल, आलिया भट्ट, और रणबीर कपूर की फिल्म लव एंड वॉर भी खबरों में बनी हुई है। ये लव ट्रायंगल बेस्ड फिल्म संजय लीला भंसाली ने डायरेक्ट की है। रिपोर्ट के मुताबिक ये फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज होगी। इसे 200 करोड़ के बजट में बनाया जा रहा है।

***किंग*** : शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ एक एक्शन फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। किंग की स्टारकास्ट हैरान करने वाली है। फिल्म में रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, अरशद वारसी, बॉबी देओल समेत कई बड़े एक्टर्स नजर आने वाले हैं। सुहाना खान अहम किरदार में होंगी। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म



को 300 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनाया जा रहा है। अगले साल दिवाली के मौके पर फिल्म दस्तक दे सकती है।

***रामायण*** : रणबीर कपूर, साई पल्लवी स्टारर फिल्म रामायण अभी तक की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दोनों पार्ट्स पर 1600 करोड़ खर्च हो रहे हैं। लेकिन प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने कन्फर्म किया है कि रामायण के दोनों भागों पर 4000 करोड़ खर्च हो रहे हैं। मलतब ये फिल्म हॉलीवुड से भी महंगी फिल्म होने वाली है।

***धुरंधर 2*** : धुरंधर का पहला भाग इस समय बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर रहा है। फिल्म करीब 500 करोड़ तक पहुंच गई है। अब दूसरे पार्ट का इंतजार हो रहा है। रिपोर्ट की मानें तो धुरंधर का दूसरा भाग 200 से 250 करोड़ तक के बजट में बनाया गया है।

# 2025 में किसी मूवी ने आहत की धार्मिक भावना तो किसी की रिलीज पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** साल 2025 खत्म होने की कगार पर पहुंच चुका है। इस वर्ष कुछ फिल्में कहानी को लेकर तो कुछ इतिहास से छेड़छाड़ या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपों को लेकर विवादों में रही हैं। कुछ फिल्मों पर तो कई एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। आज हम आपको साल 2025 की विवादों में रहने वाली 10 फिल्मों के नाम बताते हैं।

***इमरजेंसी*** : कंगना रनौत निर्देशित और अभिनीत फिल्म 'इमरजेंसी' 17 जनवरी को रिलीज हुई। साल 1975 की इमरजेंसी पर आधारित फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में थीं। रिलीज से पहले ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। सिख संगठनों सहित कई संगठनों ने विरोध किया। फिर भी फिल्म रिलीज हुई, कंगना के अभिनय की तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में सफल नहीं रही।

***छावा*** : विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में आई। छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता पर आधारित यह फिल्म ट्रेलर रिलीज से ही विवादों में घिर गई थी। एक गाने में संभाजी का डांस करना और ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। महाराष्ट्र के मंत्रियों और संगठनों ने विरोध किया। मेकर्स ने विवादित डांस सीक्वेंस हटा दिया, लेकिन बहस जारी रही।

***जाट***: सनी देओल और रणदीप हुड्डा की एक्शन फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को रिलीज हुई। एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय नाराज हुआ, जिसमें धार्मिक भावनाएं आहत करने का



आरोप भी लगा। फिल्म के सीन को लेकर शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।


***फुले*** : प्रतीक गांधी और पत्रलेखा स्टारर 'फुले' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। नाराज ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया, रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए।

***हरि हर वीरा मल्लू*** : पवन कल्याण की 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुदिराज समुदाय ने किरदार को लोक नायक से मिलता-जुलता बताकर विरोध जताया। फिल्म काल्पनिक बताई गई, लेकिन बहुजन ग्रुप्स ने ऐतिहासिक विरासत से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। फिल्म 24 जुलाई को सिनेमाघरों में उतरी।

## 'मेरा मन तेरा प्यासा' को भी हॉलीवुड फिल्म में मिल चुकी है जगह

# जब हॉलीवुड फिल्मों में यूज हुए बॉलीवुड के गाने, वो भी हो गए थे दीवाने

*नई दिल्ली। अभी तक बॉलीवुड पर यही आरोप लगते रहे हैं कि उसने कभी म्यूजिक हॉलीवुड से कॉपी की तो किसी और इंडस्ट्री से। लेकिन क्या आपको पता है कि कई हॉलीवुड फिल्में ऐसी हैं, जिसमें बॉलीवुड के गानों का इस्तेमाल किया गया है।*



**मेरा जूता है जापानी (डेडपूल 2026)** : पॉपुलर हॉलीवुड फिल्म डेडपूल फरवरी 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में श्री 420 के पॉपुलर गाने को जगह मिली। यह गाना मेरा जूता है जापानी है। यह गाना हॉलीवुड फिल्म में था, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया।

**छइयां-छइयां (इनसाइड मैन 2005)** : शाहरुख खान का गाना छइयां-छइयां भला किसे नहीं याद होगा या फिर पसंद होगा। यह गाना ब्लॉकबस्टर हिट रहा है और अभी तक कई रील्स में सुनने को मिल जाता है। इस गाने का भी इस्तेमाल हॉलीवुड में किया गया है। इसे साल 2005 में आई इनसाइड मैन फिल्म में फीचर किया गया था।

**छम्मा-छम्मा (मौलिन रूज 2001)** : छम्मा-छम्मा भी बॉलीवुड का ऐसा गाना है, जिसे आज तक फैंस पसंद करते हैं और गुनगुनाते रहते हैं। यह गाना चाइना गेट मूवी का है। इसे हॉलीवुड की फिल्म मौलिन रूज में इस्तेमाल किया गया। यह फिल्म साल 2001 में रिलीज हुई थी।

**मेरा मन तेरा प्यासा, वादा न तोड़ (इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड 2004)** : मोहम्मद रफी के गाने किसे नहीं पसंद होते हैं। उनके गाने मेरा मन तेरा प्यासा को भी हॉलीवुड फिल्म में जगह मिल चुकी है। यह गाना साल 2004 में रिलीज हुई इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड में बजता हुआ सुनाई दे चुका है।

**बॉम्बे थीम (लॉर्ड ऑफ वॉर 2005)** : बॉम्बे फिल्म के थीम सॉन्ग को एआर रहमान ने तैयार किया है। इसकी धुन का इस्तेमाल 2005 में आई लॉर्ड ऑफ वॉर में किया जा चुका है।

**लहरों की तरह यादें (शॉन ऑफ द डेड 2004)** : किशोर कुमार के गाने लहरों की तरह यादें किसे याद नहीं होगा। यह गाना भी बॉलीवुड इंडस्ट्री में काफी हिट रहा था। इस गाने को साल 2004 में ही आई हॉलीवुड फिल्म शॉन ऑफ द डेड में जगह मिली थी।

***मुंडियां तू बच के रही (द डिक्टेटर 2011)*** : *इस लिस्ट में एक पंजाबी गाना भी शामिल है। यह गाना मुंडियां तू बच के रही है, जिसे पॉपुलर हॉलीवुड मूवी द डिक्टेटर में जगह मिली थी। यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई थी।*

***जान पहचान (घोस्ट वर्ल्ड 2001)*** : *पॉपुलर हिंदी सॉन्ग जान पहचान को भी हॉलीवुड मूवी में फीचर किया गया है। साल 2011 में रिलीज हुई हॉलीवुड मूवी घोस्ट वर्ल्ड के ओपनिंग सीन में जान पहचान सॉन्ग था।*

***छलका छलका रे (एक्सिडेंटल हस्बेंड 2008)*** : *साथिया बॉलीवुड इंडस्ट्री की शानदार फिल्मों में एक है। इसमें रानी मुखर्जी और विवेक ओबरॉय ने अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल जीत लिया था। इसी में एक गाना था छलका छलका रे, इस गाने को साल 2008 में आई हॉलीवुड फिल्म एक्सीडेंटल हस्बेंड में फीचर किया गया था।*

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण कार्यों व धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण



**मालखरौदा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन के द्वारा मलखरौदा ब्लॉक के ग्राम पंचायत किरकार, अमेराडीह में शासन के विभिन्न मदों से निर्मित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों तथा इंजीनियरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही धान खरीद केंद्र पिहरीद का निरीक्षण किया और शासन के दिशा निर्देश अनुसार धान खरीद प्रभारी को धान खरीद के संबंध मे कमियां पाई जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कश्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसडीओ, सब इंजीनियर मरावी, सरपं, सचिव एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### हसदेव पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव मीमांसा आज

**चांपा।** चंद्रावली देवी झाझड़िया स्मृति हसदेव पब्लिक स्कूल में 22वें वार्षिकोत्सव मीमांसा का आयोजन शनिवार 20 दिसंबर को सायं 5 बजे से स्कूल परिसर में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए शाला परिवार ने स्कूल के विद्यार्थियों सहित उनके अभिभावकों के अलावा आमंत्रितों से समारोह में उपस्थिति का अनुरोध किया है। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, नाटक, प्रहसन समेत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जावेगी।

### गुरु घासीदास जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा, जैतखाम पर चढ़ाया ध्वज



**राहौद।** बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, शोभायात्रा गुरु घासीदास वार्ड से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से बिलारी चौक,बस स्टैंड,व बुंदेला चौक तक डीजे की धुन व आतिशबाजी के साथ निकाली गई। इस दौरान पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम स्थल में सतनामी समाज के वरिष्ठजनों ने जैतखाम पर गुरू घासीदास जयंती पर ध्वज चढ़ाया। तत्पश्चात पूजा -आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। समाज के वरिष्ठ सतराम अनंत, बीरबल मनहर, रामचरण अनंत, लक्ष्मी प्रसाद मनहर,सत्तर टंडन, गोपाल जंजीवाला, शिव अनंत, संजीव अनंत, प्रेम कुर्रे, जयमन बंजारे, अमन अनंत, विजय कुर्रे, सुखनंदन टंडन, रामानुज अनंत, गोरेलाल रात्रे,सूरज मनहर, अनिल रात्रें, साजेंद्र मनहर, राजेश मनहर, सुनील रात्रें, विजय अनंत, विमल मनहर, ओमप्रकाश कुर्रे, पार्षद परम कुर्रे , पार्षद अमित कुमार अनंत , एवं समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

### आघोर विद्या पीठ पोड़ीदल्हा में वार्षिकोत्सव आज

**अकलतरा।** आघोर विद्या पीठ पोंडी दलहा अकलतरा में शनिवार 20 दिसंबर को शाम 5 बजे वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सौरभ सिंह चेयरमैन माइनिंग कॉर्पोरेशन करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सत्यलता मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष, शकुन देव अघरिया अध्यक्ष जनपद पंचायत अकलतरा एवं श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अकलतरा उपस्थित रहेंगी। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे तथा शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## निधन

### हरदीप सिंह कलवानी

**चांपा।** स्थानीय स्टेशन रोड दुर्गा ऑटो पार्ट्स के पास निवासी सरदार स्व. कुलदीप सिंह के पुत्र



हरदीप सिंह कलवानी का गुरूवार 18 दिसंबर को दोपहर 3 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे 33 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 19 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे मंझली तालाब के पास स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बन्धुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### मुंचुराम केंवट

**मालखरौदा।** ग्राम वीरभाठा के प्रतिष्ठित नागरिक



मुंचुराम केंवट का गुरुवार 18 नवंबर को शाम 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके भांजे दुबराज केंवट ने दी। अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु के अलावा परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे दुकालू राम के बड़े भाई तथा लखन लाल केंवट के नाना थे।

---

भाजपा जिला सक्ती का संगठनात्मक बैठक आयोजित

# बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक हुई चर्चा, तैयार की गई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती की अहम संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि भूपेंद्र सवन्नी अध्यक्ष अक्षय ऊर्जा छत्तीसगढ़ और जिला संगठन प्रभारी मनोज शर्मा विधानसभा प्रभारी, राजेन्द्र राजपूत प्रदेश मंत्री विद्या सिदार, पूर्व सांसद गुहाराम अज़गले, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव, विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी खिलावन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने संगठन के विषयों पर सारगर्भित बाते कही। उन्होंने आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तय कार्यक्रम को सफल बनाने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। सक्ती जिला संगठन प्रभारी मनोज शर्मा एवं विधानसभा प्रभारी राजेंद्र राजपूत ने भी संगठन के विषयों पर अपनी बात रखी एवं सभी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी तथा जिला कार्यसमिति, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, मोर्चे के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री तथा मंडल पदाधिकारी जिला पंचायत अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष एवम सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, नगरीय निकाय के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सक्ती विधानसभा के शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक सह संयोजक व बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




बैठक में उपस्थित छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी एवं भाजपा नेता।

## प्रथम आगमन पर भाजपा नेता यशवंत जैन का हुआ भव्य स्वागत



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और बाल संरक्षण आयोग के पूर्व राष्ट्रीय सदस्य यशवंत जैन का जिला मुख्यालय जांजगीर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। ज्ञात हो कि आगामी 22 दिसम्बर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा छग की भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम की तैयारी हेतु आज भाजपा जिला कार्यालय जांजगीर में बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें शामिल होने श्री जैन का जांजगीर आगमन हुआ। यशवंत जैन के प्रवास को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। श्री जैन के नगर आगमन पर कलेक्ट्रेट चौक जांजगीर में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए श्री जैन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सुशासन की पर्यायवाची है। शासन की जनकल्याणकारी काम को जन-जन तक पहुंचाने उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रशांत ठाकुर, अभिमन्यु राठौर, जितेंद्र देवांगन, राहुल सेन, राकेश राठौर, सूर्यकांत सिंह, अनुराग तिवारी, पंकज अग्रवाल, दिव्यांश चंदेल, शिवचमन सिंह,सत्यलता मिरी, रामेश्वर कश्यप ,चंद्रकांत रात्रे, छोटू कुर्रे उमा सोनी, पूजा राठौर, धनेश्वरी जागृति ,अर्चना देवांगन, प्रेमलता कौशिक, धीरेंद्र योगी, रेखा गढेवाल, विक्की सिंह, अमित अग्रवाल, प्रकाश कहरा, गज्जू ध्रुव, गोलू दुबे, हरि सोनवानी , आनन्द मोदी, हेमंत पैगवार, अंकित अग्रवाल, अमित मितल संजू बंजारे, ऋषभ योगी,डॉ सोनू यादव ,सुज्जु सिंह,रूपेश झा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---



घर-घर जाकर कीचन गार्डन के बारे में जानकारी देती महिलाएं।

## बहेराडीह के प्रत्येक घरों में दिखेगा किचन-गार्डन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

कृषि विज्ञान केंद्र भारत सरकार के प्राकृतिक कृषि के गोद ग्राम बहेराडीह में यहां की बिहान की दीदियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिन मिलकर घर घर जाकर तिरंगा भोजन का महत्त्व और खुद के लिए किचन गार्डन विकसित करने का मेहनत रंग लाई। यहां पर हरेक घरों में महिलाएं अपने खुद की जरुरत के लिए किचन गार्डन विकसित किया है।

■ **बिहान की दीदियां और मितानिन घर घर जाकर महिलाओ को दे रहीं जानकारी**

इस सम्बन्ध में बिहान की पशु सखी पुष्पा यादव व कृषि सखी शशि कर्ष ने बताया कि किचन गार्डन वह छोटा-सा बगीचा होता है, जिसे घर के पास, छत पर, आंगन में या बालकनी में लगाया जाता है, ताकि घर में इस्तेमाल होने वाली सब्जियां, फल और मसाले खुद उगाए जा सकें। किचन गार्डन की मुख्य विशेषताएं के बारे में बताया कि इसमें रोज़मर्रा की ज़रूरत की सब्ज़ियां उगाई जाती हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशक कम या बिल्कुल नहीं होते,ताज़ी, पौष्टिक और स्वच्छ सब्ज़ियां मिलती हैं। खर्च कम होता है और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। किचन गार्डन में सब्जियां, टमाटर, मिर्च, धनिया, पालक, मेथी, लौकी, मसाले, पुदीना, तुलसी, हरी मिर्च,फलः नींबू, पपीत उगाई जा सकती है।

**किचन गार्डन के फायदे-** बलौदा ब्लॉक अंतर्गत कुरदा कलस्टर के बहेराडीह गांव की पशु सखी पुष्पा यादव ने किचन गार्डन के फायदे के बारे में बताया कि ताज़ा और ज़हरीले रसायनों से मुक्त भोजन, पैसे की बचत, व्यायाम और मानसिक शांति,पर्यावरण के लिए अच्छा होता है।

---

## किसान महोत्सव 23 को 32 लोगों का होगा सम्मान

**बहेराडीह।** बहेराडीह स्थित देश के पहले किसान स्कूल में राष्ट्रीय किसान दिवस और किसान स्कूल के स्थापना दिवस के अवसर पर 23 दिसम्बर को 'किसान महोत्सव' दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा। इस आयोजन में जनप्रतिनिधि, पत्रकार, साहित्यकार और किसान शामिल होंगे। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि किसानों के विकास व उत्थान की सकारात्मक मंशा के साथ पिछले 5 साल से किसान स्कूल में नवाचार की गतिविधि चल रही है। यहां किसानों को 18 विषयों में निःशुल्क जानकारी और ट्रेनिंग दी जाती है। किसानों के द्वारा स्थापित देश के पहले इस अनोखे किसान स्कूल के नवाचार ने देश-दुनिया में बड़ी पहचान बना ली है, इसलिए लोगों के भ्रमण के साथ ही स्कूल-कॉलेज के शैक्षणिक भ्रमण का यह प्रमुख केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि 23 दिसम्बर को राष्ट्रीय किसान दिवस पर हर साल यहां किसान महोत्सव मनाया जाता है और वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू की स्मृति में किसानों, पत्रकारों, धरोहर के लिए पुरानी सामग्री देने वालों का सम्मान किया जाता है। इस साल भी किसान महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है और आयोजन को लेकर किसानों में उत्साह है। किसान महोत्सव में अतिथि के रूप में छग के प्रख्यात कवि मीर अली मीर शिरकत करेंगे। इस दौरान उनके गीत 'नन्दा जाहि का रे...' का स्थानीय कलाकारों द्वारा मंचन किया जाएगा।

## निकली सांईबाबा की पालकी यात्रा व भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

श्री सांई सेवा समिति हटरी बाजार के तत्वाधान में श्री सांईनाथ मंदिर के 17वें स्थापना दिवस पर मंगलवार 16 दिसंबर तथा बुधवार 17 दिसंबर को दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन मंगलवार 16 दिसंबर को मंदिर परिसर के समक्ष से श्री सांईबाबा की पालकी यात्रा नगर में निकाली गई तथा दूसरे दिन बुधवार 17 दिसबंर को महाआरती के बाद दोपहर 1 बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया।

■ **श्री सांईनाथ मंदिर के 17वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय आयोजन**

श्री सांईनाथ मंदिर के 17वें स्थापना दिवस पर मंगलवार 16 दिसंबर को आरती पश्चात सायं 4 बजे श्री सांईबाबा की पालकी यात्रा शहर में परंपरानुसार निकाली गई। डोंगाघाट चौक, सदर बाजार, सम्लाई मंदिर, संतोषी मंदिर, देवांगन पारा, थाना चैक, डाकघर, श्रीकृष्ण गौशाला, श्याम मंदिर, बजरंग छबिगृह होते हुए पालकी यात्रा रात्रि 9 बजे पुनः मंदिर पहुंचकर विसर्जित हुई। मार्ग में डाकघर के सामने श्रद्धालुओं द्वारा श्री सांईबाबा की पूजा कर इसमें शामिल लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। पालकी यात्रा में प्रमुख रूप से समिति के अनिल खेतान, नरेन्द्र ताम्रकार, राजा देवांगन, रामकुमार देवांगन, दुर्गा पटेल, उमाशंकर श्रीवास, संतोष श्रीवास, भवानी गुप्ता, देवी गुप्ता, राजेश गुप्ता, जीतू देवांगन एवं सोहन देवांगन के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा-अर्चना पं. नवल किशोर दुबे द्वारा संपन्न करायी गयी। मंदिर के स्थापना दिवस के दूसरे और अंतिम दिन बुधवार 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से श्री सांईबाबा की सवा लाख बाती से महाआरती की गई।



भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

इसके बाद दोपहर 1 बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें शाम 4 बजे तक तीन हजार से भी ज्यादा लोगों ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस वर्ष अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की चांपा शाखा द्वारा श्री सांईनाथ की पालकी यात्रा एवं भंडारा प्रसाद में शामिल होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समिति की संरक्षिका श्रीमती नेहा अविनाश अग्रवाल ने बताया कि धरती माता की सुरक्षा और स्वच्छता के लिए संस्था द्वारा भंडारा प्रसाद हेतु सराई के ताजे पत्तों से निर्मित 3000 हजार पत्तल सहित कागज के पानी गिलास तथा पानी केंट की सेवा प्रदान की गई। इस कार्य में संस्था की माधुरी संजय अग्रवाल, खुशबू अमित अग्रवाल, विनीता किशोर मोदी, सविता मोदी एवं पुष्पा मोदी ने भी जिम्मेदारी से सेवा प्रदान की।

## खैरा में बिजली समस्या होगी दूर, सभापति के प्रयास से लगाया गया 2 नया ट्रांसफार्मर

**जांजगीर-चाम्पा।** नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खैरा (घुठिया) के बस्ती में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू के अथक प्रयास से 2 नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। ग्रामीणों की मांग पर खैरा गांव के बस्ती पारा में इलेवन तार सहित नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया, जिससे अब ग्रामीणों को लोओलटेज की समस्या व बिजली बंद की समस्याओं से निजात मिलेगा। श्री साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को कहा कि जब से केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार बनी हैं, तभी से गांव-गांव में विकास की गंगा बह रही हैं। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा हैं। ताकि ग्रामीणों को इस योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। इस दौरान ग्राम सरपंच भागीरथी, कोमल कश्यप, आचार्य अमित मिश्रा, नवल सिंह, लाइनमैन नवल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



## बच्चों को ठंड से राहत देने प्रदान किया गया स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वेल विशर फाउंडेशन द्वारा समाजसेवी शिक्षक व कर्मचारी नेता स्व. राम बाबू शर्मा के स्मृति में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बरपाली में बच्चो को मधायन भोजन हेतु थाली व शासकीय प्राथमिक शाला खपरीडीह में बच्चो को ठंड से राहत हेतु स्वेटर प्रदान किया गया।

वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य दीपक साहू व सतीश मानिकपुरी ने बताया कि स्व रामबाबू शर्मा एक शिक्षक के साथ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के बड़े नेता थे। वे सदैव संघ से जुड़ कर अपने कर्मचारी भाइयो के हर सुख दुख में खड़े रहते थे और कमर्चारी हित हेतु प्रयत्नशील रहे।वे एक सरल, सहज व संघर्षशील व्यक्तित्व के घनी थे। वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष आविनाश सिंह ने कहा कि स्व शर्मा जी एक शिक्षक थे उनके जन्मजयंती बच्चो के लिए समर्पित है। थाली व स्वेटर पा कर बच्चो के चेहरे पर जो मुस्कान आई है वही स्व राम बाबु शर्मा को सच्ची श्रद्धांजलि है।कोषाध्यक्ष श्री मति रंजना सिंह ने बच्चो को मोबाइल से दूर व पढ़ाई पर फोकस करने को कहा। कार्यक्रम को उनके पुत्र उज्ज्वल शर्मा ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में छोटू कश्यप, डॉ दयामनी साहू, नामित बाला, नितेश साहू, शशि शंकर, शासकीय पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक शाला बरपाली व शासकीय प्राथमिक शाला खपरीडीह के शिक्षक शिक्षिकाएं व वेल विशर फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।



बच्चों के साथ उपस्थित वेल विशर फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्य।

## 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से सघन पल्स पोलियो अभियान के प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ताकि पल्स पोलियो के महत्व की जानकारी गांव गांव तक लोगों को मिल सके और शून्य से पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे।

■ **कलेक्टर ने सघन पल्स पोलियो अभियान के प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

इस अवसर पर कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की कि 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं, ताकि जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने का लक्ष्य सुदृढ़ हो सके। उन्होंने कहा कि प्रचार वाहन के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पोलियो से बचाव, टीकाकरण की तिथियां, बूथ तथा अन्य आवश्यक जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत 21 दिसम्बर 2025 को राष्ट्रीय पल्स पोलियो दिवस के अवसर पर जिले के वृहद स्तर पर अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसके लिए कलेक्टर की उपस्थिति में कार्यक्रम के जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल ने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं तथा सभी विभागों के आपसी समन्वय से अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। इस दौरान अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम, अपर कलेक्टर के एस पैंकरा, डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश राजपूत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पूजा अग्रवाल, डीपीएम सुश्री कीर्ति बड़ा सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती

## गुरु घासीदास ने सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव के विरुद्ध आजीवन किया संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम तुस्मा के सतनामी मोहल्ला में संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम संत गुरु घासीदास के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात विधि विधान से पूजा-अर्चना कर बाबा के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

जयंती समारोह में महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। महिलाओं द्वारा खीर और पूड़ी का प्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया, जिसे सभी ने भक्तिभाव के साथ ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और प्रवचनों के माध्यम से संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के विचारों और संदेशों का विस्तार से वर्णन किया गया। संत गुरु घासीदास समाज को मानव-मानव एक समान का अमूल्य संदेश दिया। बाबा का स्पष्ट मत था कि संसार में जन्म लेने वाला प्रत्येक मनुष्य समान है, किसी के साथ जन्म,जाति,रंग या वर्ग के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। उनका "सतनाम" का संदेश सत्य,अहिंसा,करुणा और समानता पर आधारित है,जो आज भी समाज को सही दिशा दिखाता है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने सामाजिक कुरीतियों, छुआछूत और भेदभाव के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने,नशा हिंसा और आडंबर से दूर रहने की सीख दी। बाबा का जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रतीक रहा है। उनका मानना था कि जब तक समाज में समानता और भाईचारे की भावना नहीं आएगी, तब तक सच्चे अर्थों में विकास संभव नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज में वैमनस्य और असमानता बढ़ रही है, तब गुरु घासीदास बाबा के विचार हमें एक-दूसरे को सम्मान देने और प्रेमपूर्वक साथ रहने की प्रेरणा देते हैं। सब एक समान का सिद्धांत सामाजिक समरसता की नींव है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों ने गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलने,सामाजिक एकता बनाए रखने और नई पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



शोभा यात्रा में शामिल समाज के लोग।

## डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय से 6 स्वयंसेवकों का राज्य स्तर पर यूनिसेफ हसदेव के हीरो के रूप में चयन

**अकलतरा।** नोनी जोहार कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय डॉक्टर इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा से चयनित स्वयंसेवक कलेश्वरी नायक, मासूम भारद्वाज, खिलेश्वरी नायक, अन्नपूर्णा, सीताराम देवांगन एवं शिवेश कुमार मिश्रा का राज्य स्तर पर यूनिसेफ "हसदेव के हीरो" स्वयंसेवक के रूप में चयन होने से महाविद्यालय परिवार में हर्ष है।

इन सभी स्वयंसेवकों ने बाल संरक्षण, बाल अधिकार, महिला एवं किशोरी सशक्तिकरण तथा सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर यह उपलब्धि प्राप्त की है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनेंद्र मेहता ने चयनित स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यूनिसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन से जुड़कर राज्य स्तर पर कार्य करना महाविद्यालय के लिए



गौरव की बात है। यह चयन विद्यार्थियों की सामाजिक प्रतिबद्धता और सेवा भाव का परिचायक है। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा जायसी ने कहा कि यह उपलब्धि आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं शिक्षकों ने भी चयनित स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।